
आप को
मौका नहीं है

आप को मौका नहीं है क्योंकि आप पापी हैं ।

❊ "परन्तु पवित्र शास्त्र ने सब को पाप के आधीन कर दिया...."
(गलतियों ३:२२ अ)

❊ " परन्तु तुम्हारे अधर्म के कामों ने तुम को तुम्हारे परमेश्वर से अलग कर दिया है, और तुम्हारे पापों के कारण उसका मुंह तुमसे ऐसा छिपा है कि वह नहीं सुनता ।"
(यशायाह ५९:२)

"जैसा लिखा है, कि कोई धर्मी नहीं, एक भी नहीं । कोई समझदार नहीं; कोई परमेश्वर का खोजनेवाला नहीं । सब भटक गए हैं, सब के सब निकम्मे बन गए, कोई भलाई करनेवाला नहीं, एक भी नहीं ।"
(रोमियों ३:१०-१२)

आपको मौका नहीं है क्योंकि पापी होने के कारण दंड की आज्ञा आप पर है ।

❊ "क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है ।"
(रोमियों ६:२३ अ)

❊ "और मृत्यु और अधोलोक भी आग की झील में डाले गए; यह आग की झील तो दूसरी मृत्यु है ।"
(प्रकाशितवाक्य २०:१४)

❊ "जो इस पर विश्वास करता है, उस पर दंड की आज्ञा नहीं होती, परन्तु जो इस पर विश्वास नहीं करता, वह दोषी ठहर चुका; इसलिये कि उसने परमेश्वर के एकलौते पुत्र के नाम पर विश्वास नहीं किया ।" (यूहन्ना ३:१८)

आप को मौका नहीं है जब आप यीशु के द्वारा उध्दार पाने के बदले में अपने अच्छे कर्मों पर निर्भर है ।

❊ "तो उसने हमारा उध्दार किया; और यह धर्म के कामों के कारण नहीं, जो हमने आप किए, पर अपनी दया के अनुसार ..." (तीतुस ३:५ अ)

❊ "क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उध्दार हुआ है, और यह तुम्हारी और से नहीं, बरन परमेश्वर का दान है । और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे ।" (इफिसियों २:८–९)

❊ "क्योंकि व्यवस्था के कामों से कोई प्राणी उसके साम्हने धर्मी नहीं ठहरेगा, इसलिये कि व्यवस्था के द्वारा पाप की पहचान होती है ।" (रोमियों ३:२०)

अब मेरे मित्र, परमेश्वर का बनाया हुआ चित्र को देखो । परमेश्वर के साम्हने दिखाने के लिये कुछ नहीं । आपको घमण्ड करने के लिये कोई कारण नहीं है । आप अपना मदद खुद नहीं कर सकते ।

परन्तु परमेश्वर ने अपनी दया से पाप के छुटकारा पाने का रास्ता खोल दिया है । वह रास्ता परमेश्वर का पुत्र प्रभु यीशु मसीह है जिसने आपके पापों के कारण क्रूस पर अपना प्राण दिया ।

परमेश्वर का वचन बाइबिल पर आप विश्वास करेंगे तो मौके के बदले में वादा मिलेगा :

❊ " और वह गवाही यह है, कि परमेश्वर ने हमें अनंत जीवन दिया है; और यह जीवन उसके पुत्र में है । जिस के पास पुत्र है, उसके पास जीवन है, और जिसके पास परमेश्वर का पुत्र नहीं, उसके पास जीवन भी नहीं है ।" (१ यूहन्ना ५:११–१२)

❊ "परन्तु यह इसलिये लिखे गए हैं, कि तुम विश्वास करो, कि यीशु ही परमेश्वर का पुत्र मसीह है : और विश्वास करके उसके नाम से जीवन पाओ ।" (यूहन्ना २०:३१)

अगर आप यीशु मसीह को अपना मुक्तिदाता मानेंगे तो मौका नहीं परन्तु वादा मिलेगा :

※ " और जिस की उसने हमसे प्रतिज्ञा की वह अनन्त जीवन है ।" (१ यूहन्ना २:२५)

※ "मैं ने तुम्हें, जो परमेश्वर के पुत्र के नाम पर विश्वास करते हो, इसलिये लिखा है, कि तुम जानो, कि अनन्त जीवन तुम्हारा है ।" (१ यूहन्ना ५ : १३)

"परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात् उन्हें जो इसके नाम पर विश्वास रखते हैं ।"(यूहन्ना १:१२)

जब आप प्रभु यीशु मसीह के मार्ग पर आतें है तो मौके के बदले में परमेश्वर का पक्का वादा पर डटे रहेंगे ।

※ "उस अनन्त जीवन की आशा पर, जिस की प्रतिज्ञा परमेश्वर ने जो झूठ बोल नहीं सकता सनातन से की है ।" (तीतुस १:२)

परमेश्वर का वादा अपनाइए :

※ "क्योंकि जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वह उध्दार पाएगा ।" (रोमियें १०:१३)

मैं मानता हूं कि मैं पापी हूं और विश्वास रखता हूं कि यीशु मसीह मेरे पापों के लिए मर गया । अभी मैं यीशु मसीह को अपना मुक्तिदाता मानकर स्वीकार करता हूं । वही मेरे पापों को क्षमा करेगा और स्वर्ग ले जाएगा ।

FELLOWSHIP TRACT LEAGUE
P.O. BOX 164 • LEBANON, OH 45036
www.fellowshiptractleague.org © Tract 5540 (Hindi)
All tracts free as the Lord provides. Not to be sold.